तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 4 जून 2025

11 नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने जागरुकता रैली निकाली गई



12 लालटेन युग में जी रहे ग्रामीण, न सड़क है, न अस्पताल...





## खबर संक्षेप



### मैनपुर के नहानबिरी गांव में बेकार पड़ी पानी टंकी, ग्रामीण परेशान

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नहानबिरी में ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाई गई पानी की टंकी लंबे समय से खराब पड़ी है और इससे पानी नहीं निकलता। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित विभाग से सुधार की मांग की है, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस अनदेखी के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

### गौतम बने भारतीय जनता मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष

**मैनपुर।** भारतीय जनता मजबूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डा प्रकाश अनंत के अनुशंसा पर अमलीपदर तहसील क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी गौतम साहू को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है ज्ञात हो कि गौतम साहू जनसेवा,समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रसर रहकर सदैव क्षेत्रहित एवं जनहित के कार्यों में योगदान देते आए हैं उनके इस सेवा भावना के लिए एक और नवीन दायित्व सौंपा गया है ताकि गरियाबंद जिले के मजदूरों की मांग एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवाज उठा सकें भारतीय जनता मजदूर संघ का उद्देश्य देश में संगठित व असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए कार्य करना है जिलाध्यक्ष बनने पर गौतम साहू ने कहा कि जिस उम्मीद से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष ने मुझे दायित्व सौंपा है मै उनके आशा अनुरूप ईमानदारी और निष्ठा से गरियाबंद जिले के मजदूर श्रमिकों के हितों के लिए कार्य करूँगा तथा संघ संगठन को मजबूत करने हमेशा तत्पर रहूंगा।



### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने जमदरहा अमलीतरी मौहा पेड़ के पास एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी हेमरतन चौहान पिता शिवप्रसाद चौहान (22 साल) ललितपुर चौकी भंवरपुर थाना बसना के कब्जे से 2 लीटर करीबन अवैध देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** युवक से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थी जफर सूर्या निवासी वार्ड नंबर 05 नयापारा ने बताया कि वह ड्रायवरी का काम करता हूं। 1 जून की रात 10 बजे एफसीआई गोदाम में ट्रक छोड़कर वापसलौट रहा था। नयापारा नर्सरी के पास पहुंचने पर तो करीबन 10:30 बजे आरोपी किशन और उसके भाई कन्हैया यादव पुराने रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। मना करने पर किशन ने रॉड से सिर व हाथ पर वार किया। आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) कर विवेचना में लिया गया है।

# शुक्रवारी बाजार में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, बदली बाजार की तस्वीर

## सड़क पर सब्जी विक्रेताओं के बैठने से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

नगर पालिका ने शुक्रवारी बाजार को व्यवस्थित करने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए पहली बार सख्त कदम उठाया है। शुक्रवार को सीएमओ गिरीश कुमार के नेतृत्व में चंडी चौक के पास अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्य एक पूर्व नियोजित योजना के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य बाजार में सुगम यातायात और व्यवस्थित व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करना है। कार्रवाई के बाद शुक्रवारी बाजार की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है। अब व्यापारी तय स्थानों पर एक व्यवस्थित प्रणाली के तहत दुकानें लगा रहे हैं। इससे न सिर्फ बाजार में सौंदर्य और अनुशासन दिखाई दे रहा है, बल्कि ग्राहक भी आसानी से अपनी पसंद की दुकानों तक पहुंच पा रहे हैं। पहले बाजार में अव्यवस्थित रूप से दुकानें लगने के कारण अंदर के दुकानदारों को ग्राहक नहीं मिल पाते थे और सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। लेकिन अब अतिक्रमण हटाए जाने के बाद सभी रास्ते खुल गए हैं और वाहन भी आसानी से निकल पा रहे हैं।सड़क पर सब्जी विक्रेताओं के बैठने से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती थी। अब नगर पालिका द्वारा इन स्थानों को खाली कराकर वहां योजना अनुसार नई दुकानों के निर्माण की तैयारी की जा रही है। सीएमओ गिरीश कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले व्यापारियों को तीन बार नोटिस दिया गया था। निर्धारित समय बीतने के बाद कार्रवाई की गई।



### व्यापारियों का मिला सहयोग

सीएमओ ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा या विरोध नहीं हुआ। इस अभियान में नगर पालिका को राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और स्वयं व्यापारियों का भी पूरा सहयोग मिला। नगर पालिका की इस पहल से शुक्रवारी बाजार अब ज्यादा व्यवस्थित और ग्राहकों के लिए सुविधाजनक बन गया है। प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में बाजार को और अधिक आधुनिक और सुचारु रूप देने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं।



**विडंबना :** पं. सुंदरलाल शर्मा चौक के चारों तरफ बीच सड़क पर खड़ी बसों से ही यात्रा करनी मजबूरी

# बस स्टैंड न होने से राजिम में यातायात बेहाल बारिश में यात्रियों की मुश्किलें होंगी दुगुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

धर्म नगरी राजिम में देश की आजादी के 78 साल बाद भी एक अदना सा बस स्टैंड न होना, प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। गरियाबंद जिले का यह सबसे बड़ा प्राचीन शहर है, जहां देश और दुनिया से प्रतिदिन हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी, श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। लेकिन बस स्टैंड न होने के कारण उन्हें पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक के चारों तरफ बीच सड़क पर खड़ी बसों से ही यात्रा करनी पड़ती है, जिसे पर्यटक देखकर दंग रह जाते हैं। अब बरसात सामने है, और यात्रियों को भींगते हुए बस की प्रतीक्षा करनी होगी, जो उनकी परेशानी को और बढ़ा देगा।

स्थानीय जनता भी इस समस्या का समाधान न हो पाने से हैरान है। हालांकि, विधायक रोहित साहू और राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू इस दिशा में भरसक प्रयासरत हैं, लेकिन इसमें रोड़ा अटकाने वाले लोग भी कम नहीं हैं। यह विरोधाभास समझ से परे है कि एक तरफ जनप्रतिनिधि प्रयास करते हैं, तो दूसरी ओर बाधा डालने वाले सफल हो जाते हैं। कांग्रेस ने देश और प्रदेश में लंबे समय तक राज किया और राजिम की जनता ने सर्वाधिक बार कांग्रेस के विधायक चुने। अब भाजपा की बारी है, और लोगों की ▶▶ शेष पेज 10 पर



### सुबह से लेकर देर रात तक गाड़ियों का अंबार

चौबीसों घंटे सड़कों पर लावारिस मवेशियों का झुंड यातायात में बाधा पहुंचाता है और दुर्घटनाओं का कारण भी बनता है। इन मवेशियों को हटाने के लिए कोई पहल नहीं करता। पचासों गांवों के सब्जी उत्पादक अपनी सब्जी लेकर यहां पहुंचते हैं, जिससे भीड़ बढ़ती है और सड़क जाम हो जाती है। जाम होना कोई एक दिन की बात नहीं है; सुबह से लेकर देर रात तक गाड़ियों का अंबार लगा रहता है। हर 2 से 5 मिनट में यहां से रायपुर के लिए एक मिनी बस और 10 से 15 मिनट के अंतराल में महासमुंद व गरियाबंद के लिए बसें छूटती हैं। राजिम क्षेत्र में रेत खदान होने की वजह से पूरे दिनभर ओवरलोड हाईवा वाहन जानलेवा रफ्तार में दौड़ते हैं। बस स्टैंड से लेकर रायपुर रोड पर फॉरेस्ट नाका, महासमुंद रोड में तहसील ऑफिस और गरियाबंद मार्ग पर सांई मंदिर तक ट्रैफिक का दबाव इतना बढ़ा हुआ होता है कि यहां से सही-सलामत निकल पाना ही जीवन बचाना है, वरना दुर्घटना होना तय है।

### राजिम की गरिमा के अनुरूप भव्य बस स्टैंड बनेगा : रोहित

जब गरियाबंद जिला बना, तो लोगों को उम्मीद थी कि जिला स्तर के आला अफसर एसपी, कलेक्टर से लेकर सारे विभागों के अधिकारी यहां रहेंगे, जिससे राजिम शहर की स्थिति सुधरेगी। मगर जिला बने कई बरस हो गए, स्थिति ज्यों की त्यों है। नागरिकों को उम्मीद है कि जब तक एसपी-कलेक्टर इस व्यवस्था के प्रति अपने अधीनस्थों को निर्देशित नहीं करेंगे, तब तक शायद ही यह स्थिति सुधरेगी। विधायक रोहित साहू साफ कहते हैं कि बहुत जल्द राजिम की गरिमा के अनुरूप भव्य बस स्टैंड बनेगा, जहां यात्रियों को सब प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध मिलेंगी।

## कबीर जयंती समापन समारोह 7 व 8 जून को





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय संत असंगदेव जी के सानिध्य में प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन 7 एवं 8 जून को राज्य के सीएम विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है।

■ सीएम साय होंगे मुख्य अतिथि

यह जानकारी देते हुए आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी और अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने क्षेत्र के लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

# झुके हुए खंभे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम पीपरछेडी से रसेला सबस्टेशन तक 33 केवी बिजली खंभे लगाए गए हैं। जो जगह जगह खंभे तार के साथ गिराकर पड़े हैं। वहीं बेलडीही पारा के पास मुख्य मार्ग जहां से रसेला से गरियाबंद जाते हैं। वहां पर लगे खंभे सड़क की ओर तार के साथ पुरी तरह झुक हुआ है, वहां खंभे तार के भरोसे टिका हुआ है। तार टूटने और खभा के कभी भी गिरने की आंशका आने जाने वाले को सता रही है। इससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। जगह जगह झुके खंभे आज से लगभग 20 से 25 दिन होने जा रहा है, मगर ठेकेदार और बिजली विभाग के अधिकारी दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे हैं ऐसा मालूम पड़ता है। ज्ञात हो कि ठेकेदार मुख्य सड़क से दो कदम दूरी



पर ही बिजली खंभे लगा दिया गया है, जी कभी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। ठेकेदार की मनमानी से आने जाने वाले को हमेशा भय सता रहा है। सड़क में कोई 16 चक्का वाला वाहन आयेगा तो मोड़ पर बिजली खंभे होने के चलते वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। खंभे जगह-जगह झुके हुए हैं और जमीन पर गिरे हुए हैं इसको बिजली विभाग के अधिकारी ▶▶ शेष पेज 10 पर

### जिले के पॉलिटेक्निक में प्रवेश, पहले चरण की काउंसिलिंग 11 से होगी

**गरियाबंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक गरियाबंद में संचालित पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग इंजीनियरिंग के 30-30 सीटों तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 15 सीट, इस प्राकर कुल 75 सीटों में प्रवेश के लिए संचालनालय तकनिकी शिक्षा द्वारा काउंसलिंग प्रक्रिया की कार्यवाही की जायेगी। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि काउंसलिंग का प्रथम चरण 11 जून 2025 से प्रारम्भ होगी। प्रवेश ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से ही होगा। काउन्सलिंग हेतु वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में 11 जून से 15 जून तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 11.59 बजे तक प्रवेश काउंसलिंग की प्रथम चरण की तिथियां निर्धारित की गई है। जिसमें सीटों का आबंटन 20 जून को ▶▶ शेष पेज 10 पर

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, मई में 750 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/ राजिम



आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्याम धावडे एवं कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के सफल मार्गदर्शन में आबकारी विभाग गरियाबंद द्वारा अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में गत मई माह में कुल 55 प्रकरण पंजीबध्द कर 749.9 लीटर मदिरा एवं 2700 किलो ग्राम लाहन जब्त किया गया है। इसी कड़ी में आबकारी अधिकारी श्री अग्रवाल ने बताया कि आबकारी नियंत्रण कक्ष गरियाबंद में गठित टीम द्वारा 20 मई 2025 को आरोपी संतोष निवासी मजरकटटा थाना गरियाबंद के आधिपत्य से 9.5 लीटर कच्ची महुआ शराब, 21 मई को अरोपी मन्नु निषाद साकिन हरदी थाना छुरा के आधिपत्य से 13.0 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 29 मई 2025 को आरोपी परमिला (प्रमिला) यादव साकिन धौराकोट थाना देवभोग से 9.5 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी टीम सक्रिय होकर मैदानी स्तर पर तैनात है। कही से भी अवैध शराब की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है। इसी के फलस्वरूप माह मई 2025 में कुल 55 प्रकरण पंजीबध्द किया गया है, जिसमें 749.9 ▶▶ शेष पेज 10 पर

## शासकीय असुविधाओं से ग्रामीण परेशान

# नवापारा को विकासखंड का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

रायपुर जिले के प्रमुख नगर नवापारा को विकासखंड का दर्जा प्राप्त करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब नवापारा से छोटे और कम क्षेत्रफल व आबादी वाले नगरों को पहले ही यह दर्जा मिल चुका है। व्यावसायिक नगरी नवापारा के आसपास के लोगों को छोटे-छोटे प्रशासनिक कार्यों के लिए अभनपुर की दौड़ लगानी पड़ती है। गौरतलब है कि अभनपुर की आबादी और आश्रित गांवों की संख्या नवापारा से आधी है। जहां नवापारा को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त है, वहीं अभनपुर नगर पंचायत है। 45,000 की आबादी वाला नवापारा नगर और इसके आसपास के 50 से 60 आश्रित गांव लंबे समय से विकासखंड के दर्जे की आस लगाए बैठे हैं। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी, नवापारा को यह दर्जा नहीं मिला है, जिससे नगरवासियों और आसपास के ग्रामीणों को शासकीय असुविधाओं के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### निवासियों को लंबी प्रतीक्षा




**विकासखंड बनने से मिलेंगी ये सुविधाएं-** यदि नवापारा को विकासखंड का दर्जा मिलता है, तो इससे शहर और आसपास के क्षेत्रों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलेंगी। विकासखंड स्तर के अधिकारियों के कार्यालय और अधिकारी, जैसे विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी, और जनपद कार्यालय यहां स्थापित होंगे। इन सक्षम अधिकारियों की उपलब्धता से प्रशासनिक कार्यों में कसावट आएगी और कार्य शीघ्रता से पूरे होंगे। विशेष रूप से, संपत्ति पंजीयन के लिए उपपंजीयक कार्यालय की उपलब्धता एक बड़ी राहत होगी। विकासखंड बनने से शहर का समग्र विकास और व्यापार का भी तेजी से विस्तार होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

# दाई-बबा दिवस के अवसर पर बुर्जुगों का हेल्थ चेकअप आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

छत्तीसगढ़ में बुर्जूगों के सम्मान और उनके बेहतर स्वास्थ्य के दिशा में एक नई पहल करते हुए 04 जून को सभी आयुशमान आरोग्य मंदिरों में दाई-बबा दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन प्रत्येक बुधवार को होने वाले हेल्थ मेला के अन्तर्गत किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य सामुदाय स्तर पर बुर्जुगो के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के पहुंच को सशक्त बनाना है। जनसामन्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा वयोवृद्धजनों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले हेल्थ मेला अंतर्गत 04 जून 2025 को दाई-बबा'' दिवस के लिए निर्धारित थीम ''हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर'' पर मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर वयोवृद्धजनों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना है। उक्त दिवस के ▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### सीएम से केन्द्रीय मंत्री पासवान ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने श्री पासवान को कोसा वस्त्र एवं बेल मेटल से बने स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे थे।

### टाटीबंध से अटारी मार्ग पर हटाए अवैध कब्जे



रायपुर। टीम प्रहरी ने सोमवार को टाटीबंध से अटारी जाने वाले मार्ग को अवैध कब्जों से मुक्त कराया। इसी तरह जोन 10 क्षेत्र में नगर निवेश अमले ने बारिश पूर्व नाले में अवैध कब्जा कर बनाये गये पाटों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। इससे नाला सफाई में आ रही अड़चन दूर हो गयी। निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने टाटीबंध से अटारी जाने वाले मार्ग पर अवैध कब्जा हटाने कार्यवाही कर सुगम आवागम का मार्ग प्रशस्त किया। जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर उप अभियंता अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में कब्जा हटाया गया। जोन 9 के नगर निवेश विभाग टीम ने विधानसभा मार्ग में चौराहों, स्ट्रील पोल और मार्ग विभाजक के मध्य लगाये गये अवैध बैनर पोस्टर को हटाकर जब्त करने कार्रवाई की। टिकरापारा पुजारी पार्क से मुख्य मार्ग तक अवैध कब्जा हटाने जोन 6 नगर निवेश टीम ने अभियान चलाया। यह कार्रवाई टिकरापारा से पुराने धमतरी मार्ग तक की गयी। जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में सुगम यातायात व्यवस्था देने अवैध ठेला-गुमटी हटाने टीम जुटी रही।

### कैट टीम ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की टीम ने सोमवार को राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन पत्र का ज्ञापन सौंपा। कैट टीम ने राज्यपाल को अवगत कराया कि देश में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग चुनाव होना न केवल विकास में बाधा पहुंचाते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करते हैं। भारत विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी राज्यों में चुनाव एक ही साथ होने चाहिए। एक देश - एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा का 9 जून से संकल्प से सिद्धि अभियान


## आज कार्यशाला में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बताएंगे- क्या-क्या करना है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में 9 जून से संकल्प से सिद्धि अभियान चलाने का फैसला किया है। इस कार्यक्रम में क्या-क्या होना है, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन ने एक कार्यशाला रखी है। इसमें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय बताएंगे कि कब-कब क्या-क्या करना है। कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में कार्यशाला में जानकारी दी जाएगी।

भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृत काल और सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर देशव्यापी सघन अभियान चलाएगी। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक रजनीश सिंह ने बताया, इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी भाजपा प्रदेश इकाई द्वारा विविध कार्यक्रमों की संरचना की





गई है। इसके लिए समग्र मार्गदर्शन के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की उपस्थिति में मंगलवार को एकात्म परिसर में प्रदेशस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 21 जून होने वाले अभियान के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित होगा।

### 21 जून तक लगातार होंगे कार्यक्रम

श्री सिंह ने बताया, विश्व योग दिवस के निमित्त सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन रखा गया है। ग्राम, वार्ड, शक्ति केन्द्र, बूथ स्तर पर 15 से 17 जून तक प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और शहरों में मोहल्ला चौपाल एवं पंचायत केंद्रों में ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में 11 वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयुष्मान योजना (वय वंदन) में शत-प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण एवं कार्ड वितरण किया जाएगा और लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा। मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों का साहित्य घर-घर वितरित करेंगे। इन कार्यक्रमों के लिए प्रदेश की राजधानी एवं बड़े नगरों में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का प्रवास होगा और जिला स्तर पर प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसदों का प्रवास होगा। मंडल पर जिला पदाधिकारी, विधायक, मेयर, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी और शक्तिकेंद्र पर मंडल स्तर से ऊपर के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का प्रवास होगा। जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम के अतिरिक्त छात्रों, कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थाओं को लक्षित कर कार्यक्रम किए जाएंगे और प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## निर्यातकों ने मंडी बोर्ड से नियम लचीला करने का आग्रह किया था

# गैर बासमती एक्सपोर्टर को मंडी और किसान कल्याण शुल्क से मिलेगी छूट, लेकिन शर्तें करनी होंगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राइस एक्सपोर्टर्स ने राज्य सरकार से निर्यात होने वाले गैर बासमती चावल के निर्यात को लेकर दस्तावेज में लचीचापन अपनाने का आग्रह किया है। इस संबंध में प्रबंध संचालक कृषि मंडी ने निर्देश दिया है कि एकल पंजीयनधारी चावल निर्यातकों, राइस मिलर द्वारा गैर बासमती चावल के निर्यात पर मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से छूट के लिए सबसे पहले निर्यातक, राइस मिलर द्वारा संबंधित मंडी समिति में क्रय धान का मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क जमा कराया जाए तथा निर्यात की स्थिति में एक माह के अंदर शिपिंग बिल, क्रय आदेश प्रस्तुत करने और उसके दो माह के अंदर कार्यों ओरीजिन छत्तीसगढ़, निर्यात के लिए राज्य का जीएसटी कर, लदान बिल तथा बैंक समाधान विवरण की प्रति प्रस्तुत करने पर मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क से छूट प्रदान की जाएगी।



### निर्यात प्रोत्साहन के लिए ये है नियम

राज्य से बाहर गैर बासमति चावल निर्यात के लिए नियम ये है कि प्रदेश के एकल पंजीयनधारी चावल निर्यातकों,राईस मिलर द्वारा शिपिंग बिल में कार्यों ओरीजिन छत्तीसगढ़, निर्यात के लिए छग जीएसटी , लदान बिल तथा बैंक समाधान विवरण की प्रति और प्रदेश के राईस मिलरों द्वारा चावल निर्यातकों पर अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने के शर्त के अध्यधीन मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से पूर्णतः छूट अधिसूचना प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष के लिए दी गई है।

### नियार्तकों ने रखी थी ये मांग

द राईस एक्सपोटर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर कय धान के प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लदान के लिए बंदरगाह तक परिवहन, लदान पूर्ण होने के बाद शिपिंग बिल, बिल आफ लोडिंग एवं अन्य दस्तावेज में समय लगने तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी निर्यात से संबंधित दस्तावेज की प्रस्तुति एवं भुगतान प्राप्ति के लिए 90 दिनों की मानक समयावधि निर्धारित करने की मांग की थी। इसके साथ ही निर्यातक से स्व-प्रमाणन पत्र लिया जाकर प्रकिया में लचीलापन प्रदाय करने का आग्रह किया था।

### मंडी शुल्क जमा करना है अनिवार्य

मंडी एमडी द्वारा इस संबंध में संयुक्त संचालकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कृषि उपज मंडी अधिनियम में यह प्रावधान है कि बगैर मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क का भुगतान किए कृषि उपज के विक्रय या प्रसंस्करण, विनिर्माण पर कृषि उपज, प्रसंस्कृत जिंस के बाजार मूल्य के 5 गुना की दर से मंडी शुल्क वसूली योग्य है। मंडी अधिनियम के प्रावधान से यह स्पष्ट है कि निर्यातक को कृषि उपज के विक्रय या प्रसंस्करण, विनिर्माण के पूर्व मंडी शुल्क जमा करना अनिवार्य है।


### एक्सपोर्टरों को अब ये करना होगा

राईस एक्सपोर्ट एसोसिएशन के पत्र, कृषि विभाग की अधिसूचना तथा मंडी अधिनियम के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में मंडी बोर्ड ने निर्देश जारी किया है। एकल पंजीयनधारी चावल निर्यातकों, राइस मिलर द्वारा गैर बासमति चावल के निर्यात पर मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से छूट के लिए सबसे पहले निर्यातक, राइस मिलर द्वारा संबंधित मंडी समिति में कय धान का मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क जमा कराया जाए तथा निर्यात की स्थिति में एक माह के अंदर शिपिंग बिल, क्रय आदेश प्रस्तुत करने और उसके दो माह के अंदर कार्यों ओरीजिन छत्तीसगढ़, निर्यात के लिए छग जीएसटी, लदान बिल तथा बैंक समाधान विवरण की प्रति प्रस्तुत करने पर मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क से छूट प्रदान की जाए।

### एकल लाइसेंस प्रणाली हो खत्म

रायपुर कृषि मंडी के पूर्व सदस्य विजय शर्मा ने इस संबंध में कहा है कि एकल लाइसेंस प्रणाली को समाप्त किया जाना चाहिए। एक्सपोर्ट के चावल पर जनरल छूट दी जानी चाहिए। मंडी शुल्क में छूट देनी चाहिए। ऐसा होने पर देश भर के एक्सपोर्टर यहां आएंगे। वर्तमान में चल रही धान की नीलामी में वे हिस्सा ले सकते हैं।

# नकटी में पीएम आवास के मकान तोड़ने नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- ग्रामीणों ने किया विरोध, कांग्रेस ने दिया समर्थन

ग्राम नकटी में पीएम आवास के तहत बने मकानों को हटाने का नोटिस जिला प्रशासन ने दिया है। सम्मानपुर के कब्जाधारियों के समर्थन में जिला कांग्रेस ने इन मकानों को तोड़ने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

राजधानी से लगा हुआ गांव सम्मानपुर नकटी धरसीवां ब्लॉक में गांव के मूल निवासी गांव की ही शासकीय भूमि पर अपना छोटा घर बना के रहने लगे। उक्त भूमि पंचायत द्वारा उनको दिया गया है। जमीन पर गांव के आवासहीन लोगो को प्रधानमंत्री आवास के तहत आबंटित किया गया है। वे वहां 40 वर्षों से हैं। पंचायत द्वारा यहां पानी-बिजली का काम कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक निवास के लिए जमीन आबंटित करना चाहते हैं, इसलिए गरीब बेसहारा लोगों को नोटिस देकर बेदखल करने की तैयारी कर रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने प्रशासन को सचेत करने एवं ग्रामीणों की मांग को मानने आवास को तोड़ने का आदेश निरस्त कर राहत देने की मांग की है। मागों के समर्थन में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा,ने तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पप्पू राजेंद्र बंजारे, भावेश बघेल, घनश्याम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, कन्हैया वर्मा, रंजीत गायकवाड़, मनहरन साहू, संतोष पाल, रहमत खान, श्रवण निषाद, मनसा निर्मलकर, रामचंद, लक्ष्मीनाथ साहू, साहू,भागवत लहरी,रवि लहरी कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# संजय नगर बकरा मार्केट की 4 अवैध दुकानें सील

- महापौर के निर्देश पर जोन 6 अमले ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

टिकरापारा संजय नगर में नगर निगम की टीम ने बकरा मार्केट की 4 अवैध दुकानों पर ताला लगाकर सीलबंद कर दिया। संबंधित दुकान संचालक को पहले नोटिस दिया गया, जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में अवैध रूप से संचालित 4 बकरा दुकानों को सीलबंद किया गया।

दरअसल, संजय नगर के बकरा मार्केट क्षेत्र का गत दिनों महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने निरीक्षण किया था। इस दौरान जोन के अधिकारियों को मार्केट क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित दुकानदारों को नोटिस देकर हटाने के निर्देश दिए। इसी परिप्रेक्ष्य में जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में उनकी टीम ने महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर संजय नगर क्षेत्र के बकरा मार्केट की 4 अवैध दुकानों को अभियान चलाकर



सीलबंद करने की कार्रवाई की। इससे पहले संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया। सूत्रों के मुताबिक मार्केट में कुछ दुकानें ऐसी भी हैं, जिनमें दुकान का आवंटन किसी दूसरे के नाम पर है और संचालन दूसरा व्यक्ति कर रहा है। आने वाले दिनों में इस पर नियम अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

# मानसून के लिए पॉवर कंपनी के संयंत्रों में भरपूर कोयला

## बारिश के कारण बिजली की खपत भी हो जाती है आधी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में इस बार मानसून समय से पहले पहुंच गया है। मानसून में कोयले की खदानों में पानी भरने के कारण कोयले की आपूर्ति नहीं हो पाती। अभी तो बारिश ठीक से हुई भी नहीं है और एसईसीएल की कुसमुंडा की खदान में पानी भरने के कारण कोयले की आपूर्ति प्रभावित हो गई है।



आने वाले समय में जब ज्यादा बारिश होगी, तो कोयले की आपूर्ति और प्रभावित होगी। हमेशा ही मानसून से पहले छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी अपने उत्पादन संयंत्र के लिए कोयले का स्टॉक करती है। पॉवर कंपनी के संयंत्रों में मानसून में कम से कम 15 दिनों का कोयला का स्टॉक रखना जरूरी होता है, लेकिन इस समय संयंत्रों में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है, इसलिए मानसून में परेशानी नहीं होगी। अगर भारी बारिश और झड़ी के कारण 8 से 10 दिनों तक भी कोयले की आपूर्ति प्रभावित रही, तो उत्पादन पर असर नहीं होगा।

वैसे मानसून में बिजली की डिमांड कम रहती है, लेकिन जब बारिश नहीं होती, तो उमस के कारण डिमांड बहुत ज्यादा हो जाती है। पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों में गर्मी के समय भी भरपूर कोयले का स्टॉक रखा गया था। अब मानसून के लिए भी कोयले का पूरा स्टॉक है। हमेशा से मड़वा में कोयले को लेकर परेशानी रहती है, लेकिन इस समय मड़वा में भरपूर कोयले का स्टॉक है। इसी तरह से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र और कोरबा वेस्ट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। कोरबा वेस्ट में तो कन्वेयर बेल्ट से कोयला आता है, यहां कभी परेशानी नहीं होती।

### बारिश में डिमांड रहती है बहुत कम

मानसून के समय बारिश होने के कारण बिजली की डिमांड करीब आधी हो जाती है। इस बार तो गर्मी में डिमांड सात हजार मेगावाट के पार चली गई थी। लेकिन बारिश में यह डिमांड तीन हजार से 35 सौ मेगावाट के आस-पास ही रहेगी। क्योंकि मानसून में न तो एसी, कूलर चलते हैं और न ही कृषि पंप चलते हैं। ऐसे में बिजली की कमी होने का सवाल ही नहीं है। अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन उत्पादन हमेशा 25 से 26 सौ मेगावाट होता है। इसी के साथ सेंट्रल सेक्टर का शेयर ही साढ़े तीन हजार मेगावाट है। अगर अपने संयंत्रों में उत्पादन बहुत ज्यादा कम भी हो गया तो सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेकर काम चल जाएगा।

## पेज 9 के शेष...

### बस स्टैंड न होने...

उम्मीदें बढ़ गई हैं। यह विडंबना ही है कि इससे छोटे-छोटे कस्बाईनुमा शहरों और ग्राम पंचायत स्तर के स्थानों पर भी आलीशान बस स्टैंड बने हुए हैं।

**बीच सड़क में गाड़ी खड़ी कर सवारी बिठाना मजबूरी-** नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव भी विधायक रोहित साहू के साथ कदमताल मिलाकर चल रहे हैं और चाहते हैं कि जितनी जल्दी हो सके बस स्टैंड बनाया जाए और सभी प्रकार की रुकावटें दूर हो जाएं। चूंकि गरियाबंद में अभी कलेक्टर नए आए हैं, इसलिए राजिम को समझने में उन्हें थोड़ा वक्त जरूर लग सकता है। बस स्टैंड के अभाव में यात्री गाड़ियों की मजबूरी है कि उन्हें न चाहते हुए भी बीच सड़क में अपनी गाड़ियों को खड़ी कर सवारी बिठाना और उतारना पड़ता है। सड़कें भी काफी संकरी हैं। शहर के बाहर होते तक हर मार्ग पर साइड लेने और देने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर तक पीछे ही चलना पड़ेगा, तब कहीं साइड मिल पाएगी। इसे जिले के कलेक्टर और एसपी भी राजिम से गुजरते वक्त महसूस करते हैं।

व्यापार-व्यवसाय को फैलाकर रखने से सड़क हो रही संकरी- राजिम एक जंक्शन, असंख्य चुनौतियां राजिम एक महत्वपूर्ण जंक्शन है, जहां से महासमुंद, छुरा, गरियाबंद और रायपुर मार्ग के लिए यात्री गाड़ियां सहित तमाम मालवाहक और अन्य वाहन हजारों की संख्या में गुजरते हैं। सभी रूटों के लिए गाड़ियां पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर ही खड़ी होती हैं। इस चौक के सभी ओर सड़क तक लोग अपने व्यापार-व्यवसाय को फैलाकर रखते हैं। दोपहिया वाहन, साइकिलों की ढेर, ट्रैक्टर और मिनी बसें बीच सड़क में खड़ी रहती हैं। फलवाले और चाट वाले भी सड़क पर ही ठेला लगाकर व्यवसाय करते हैं, जिससे सड़क और भी संकरी हो जाती है। गाड़ियों के ड्राइवरों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

### झुके हुए खंभे दे...

कर्मचारी रोज देख रहे हैं, फिर भी आज तक पोल को सही करने के लिए कारवाई नहीं हुई है। देवकुमार मार्कंडेय ने बताया कि बिजली विभाग के ठेकेदार को इसके बारे में अवगत कराया गया है फिर भी कुंभकर्ण नींद में सो रहें हैं। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, देवलाल बारिक, कुबेर भुजिया, नदुदास मानिकपुरी, धनी यादव, बिग्रेद्र ठाकुर,भावसिह मरकाम, शंकर कुर्रे, भानुप्रताप, कमलेश्वर नायक, मोहन नायक, मुकेश गुप्ता, सहित ग्रामीण ने कहा है कि पांच दिन के अंदर पोल का काम नहीं हुआ तो वे लोग विधुत कार्यालय का घेराव करेंगे।

### जिले के पॉलिटेक्निक...

कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में 11 जून से 15 जून तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 11.59 बजे तक प्रवेश काउंसलिंग की प्रथम चरण की तिथियां निर्धारित की गई है। जिसमें सीटों का आबंटन 20 जून को अपराह्न 4 बजे तक किया जायेगा। प्रवेश 22 जून से 24 जून 2025 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक किया जायेगा। प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए प्रवेश प्रभारी अधिकारी श्री मोरध्वज सिंह ठाकुर सहायक प्रवेश प्रभारी अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह गौतमसे संपर्क कर सकते हैं। गरियाबंद जिले के सभी अभ्यर्थी जिन्होंने पीपीटी परीक्षा दिलाई है अथवा 12 वीं गणित संकाय के विद्यार्थियों के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक गरियाबंद में 06 जून को प्रातः 11.00 बजे से कैरियर इन डिप्लोमा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। समस्त अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। शासकीय पॉलिटेक्निक गरियाबंद में प्रवेश काउन्सलिंग हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### अवैध शराब पर...

लीटर मदिरा एवं 2700 कि.ग्रा. लाहन जप्त किया गया है। आबकारी विभाग गरियाबंद द्वारा संयुक्त रूप से ओड़िशा राज्य की आबकारी टीम के साथ सघन गश्त किया गया जाकर नुआपाडा जिले की तालेगांव में दिनांक 24 मई 2025 को 03 प्रकरण कायम किया गया, जिसमें ओड़िशा राज्य कि सीमा पर 400 लीटर ताडी शराब तथा 15 लीटर महुआ शराब कुल 415 लीटर शराब संयुक्त टीम द्वारा जप्त किया जाकर ओड़िशा राज्य के 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूध्द छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव, रजत चंद ठाकुर, कन्हैया लाल कुर्रे, आबकारी मुख्य आरक्षक रविन्द्र चौधरी, आबकारी आरक्षक पिताम्बर चौधरी नगर सैनिक संजय नेताम, नगर सैनिक मनीष कश्यप महिला नगर सैनिक कामिनी सोनी वाहन चालक गोवर्धन सिन्हा, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि आगे भी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### दाई-बबा दिवस...

बेहतर क्रियान्वयन के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा विकासखण्ड स्तर पर हेल्थ मेले के आयोजन के लिए आवश्यक सभी तैयारियां करने के लिए निर्देशित किया गया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (महिला एवं पुरूष), ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला एवं पुरूष) तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनों के माध्यम से बच्चों एवं परिवाजनों को प्रेरित किया जाएगा कि वह अपने बुजुर्ग दादा-दादी, नाना-नानी को उक्त स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य जांच के लिए अवश्य लेकर आए। उक्त "दाई-बबा" दिवस पर समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वयोवृद्धजनों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की जांच तथा मधुमेह जांच, उच्च रक्तचाप जांच, मोतियाबिंद जांच, हड्डियों की जांच, मुख स्वास्थ्य जांच, नाक-कान-गला की जांच, मानसिक स्वास्थ्य जांच व संज्ञानात्मक परीक्षण किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने बताया हमारे बुर्जूग हमारी धरोहर इस विशेष दिवस की थिम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है सभी अस्पतालों में आज बुर्जूगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उन्होने आगे बताया की इसका उद्देश्य बुर्जूगों का सम्मान और उनकी सहभागिता है। वहीं मितानीन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बच्चों को दादा-दादी और नाना-नानी को स्वास्थ्य मेला में लाने के लिए प्रेरित करना कहा गया है।

# धान के नहीं मिल रहे खरीदार, अब मिलरों को मिलिंग के बदले धान देने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मिलिंग की राशि के बदले मिलरों को धान देने का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रस्तावित किया है। इसके अनुसार, मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए धान दिया जाएगा, न कि पैसा। यह प्रस्ताव उन मिलरों के लिए है, जो अतिरिक्त धान की खरीद करेंगे। राज्य सरकार ने 32 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान नीलामी के माध्यम से बेचने दो दौर की नीलामी पूरी कर ली है। अब तक केवल 12 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण हो पाया है।

राज्य शासन की ओर से यह शर्त भी रखी जा रही है कि मिलर्स जितनी मात्रा में अतिशेष धान खरीदेंगे, उतनी ही मात्रा में उन्हें मिलिंग कार्य के बदले धान दिया जाएगा। प्रदेश में राइस मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए हर साल लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। इस तरह 3 हजार करोड़ रुपए कीमत के अतिशेष धान का निराकरण होने की उम्मीद है। बताया गया है कि पिछले दिनों जिला कलेक्टर स्थानीय मिलरों पर नीलामी में भाग लेने का दबाव डाल रहे हैं। बताया गया है कि अब तक नीलामी में जो धान बिका है, उसे राज्य के मिलरों और व्यापरियों ने ही खरीदा है।

### 20 लाख टन धान की नीलामी शेष

बताया गया है कि प्रदेश में अतिशेष धान के की नीलामी के बाद भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। राइस मिलर्स भी शासन द्वारा निर्धारित विक्रय दर पर धान खरीदने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि अभी तक सिर्फ 12 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी हो पाई है, जबकि इस साल प्रदेश के 82 संग्रहण केन्द्रों में कुल 32 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान की नीलामी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर की जा रही है। 20 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी अभी बाकी है।

### 5.5 लाख टन धान का उठाव

पूरा धान नहीं बिकने की स्थिति में मानसून के दौरान इसके रखरखाव पर भी अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ेगी। मार्कफेड के मुताबिक प्रदेश में अब तक 10 हजार स्टेक (लगभग 12 लाख मीट्रिक) धान की नीलामी हुई है, इनमें से करीब 5.5 लाख मीट्रिक टन धान का पैसा मार्कफेड के पास आ चुका है और इसका उठाव भी जारी है।

### बेस रेट कम करने की मांग

समर्थन मूल्य से कम दर होने के बावजूद धान के खरीदार नहीं मिल रहे हैं। विक्रय दरें और कम करने की मांग भी उठ रही है। राज्य शासन द्वारा ग्रेड-1 धान (मोटा) नए बोरे में 2100 रुपए व पुराने बोरे में 2050 रुपए प्रति क्विंटल तथा कॉमन धान (मोटा) नए बोरे में 1950 व पुराने बोरे में 1900 रुपए प्रति क्विंटल विक्रय दरें निर्धारित हैं।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा दाई-बबा दिवस

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत में 04 जून को दाई-बबा दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष दिवस आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों के अंतर्गत मनाया जाएगा। इस वर्ष दाई-बबा दिवस की थीम हमारे बुजुर्ग - हमारी धरोहर रखी गई है, जिसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान को बढ़ावा देना एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।
जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने घर के बुजुर्गों को इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में अवश्य लेकर आएं। प्रत्येक विकासखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में सीएचओ, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के सहयोग से बच्चों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने दादा-दादी या नाना-नानी को मेले में लेकर आएं। आयोजन स्थल पर बुजुर्गों के लिए सुविधाएं, जैसे बैठने की व्यवस्था, छाया, शुद्ध पेयजल आदि उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मेले में बुजुर्गों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की जाएगी, जिसमें रक्तचाप, रक्त शर्करा, मोतियाबिंद की जांच, हड्डियों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य एवं संज्ञानात्मक परीक्षण शामिल हैं। सभी ब्लाकों को इस आयोजन की व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता पर चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हुआ

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में आरसेटी परिसर में हुआ। यह कार्यक्रम प्रशिक्षण का दूसरा बैच था, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों बसना, सरायपाली, बागबाहरा, पिथौरा और महासमुंद से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे पूर्व आयोजित पहले बैच सहित कुल 60 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण में वित्तीय साक्षरता समुदाय संसाधन व्यक्ति, बैंक सखी तथा प्रशिक्षण संसाधन व्यक्ति जैसी भूमिकाओं को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग संस्था साधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था के मास्टर ट्रेनर्स के साथ-साथ कोरबा के जिला प्रमुख नीरज ठाकुर और महासमुंद के जिला प्रमुख दिलीप साहू ने प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रक्रियाएं, महिला उद्यमी ऋण विकल्प, और विभिन्न वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान महिला उद्यमिता को केंद्र में रखते हुए प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि वे किस प्रकार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जुड़ सकती हैं, ऋण प्राप्त कर सकती हैं और अपने व्यवसाय को स्थापित व विस्तारित कर सकती हैं। इस प्रक्रिया को सहज और प्रभावी बनाने के लिए खेलों, समूह गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों का उपयोग किया गया, जिससे प्रतिभागियों में सीखने के प्रति उत्साह बना रहा। साथ ही सीजीएसआरएलएम (बिहान) स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया गया।

### कबीर जयंती पर सत्संग 11 को

**महासमुंद।** कबीर जयंती पर स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में 11 जून को एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में कबीर मंदिर ढेठा धमतरी के संत बलवान साहेब होंगे। वे अपने संत मंडली के साथ कबीर साहेब के 627 वीं जयंती पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सत्संग में भाग लेने की अपील करते हुए बताया कि सत्संग, भजन सुबह 10 से ढाई बजे तक होगा। पश्चात ढाई बजे महाप्रसाद की व्यवस्था है।

# अकलवारा का 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' बना राष्ट्रीय मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छत्तीसगढ़ में आयुष सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और प्रभाव का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की एक उच्चस्तरीय टीम ने हाल ही में राज्य के विभिन्न जिलों का निरीक्षण किया। इस दौरान, गरियाबंद जिले के ग्राम अकलवारा स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय, 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। केंद्रीय निरीक्षण दल ने इस केंद्र को /"ग्राम स्तरीय आयुष सेवा का राष्ट्रीय मॉडल/" बताया है। केंद्रीय निरीक्षण दल में वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अरुण (एडिशनल डायरेक्टर, PIB), डॉ. निशांत सोनी (डोमेन एक्सपर्ट, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली), डॉ. सुनील दास (संयुक्त संचालक, आयुष रायपुर), डॉ. गजेंद्र बघेल (सहायक संचालक, आयुष) और डॉ. गदाधर पंडा (प्रतिनिधि, CGMSC) शामिल थे। इन अधिकारियों ने केंद्र की सेवाओं, स्वच्छता, रिकॉर्ड संधारण, योग सत्रों, राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनभागीदारी को देखकर अत्यंत संतोष व्यक्त किया।अकलवारा स्थित इस केंद्र ने कई गौरवशाली उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें कायाकल्प योजना में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान और NABH (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स) प्रमाणन प्राप्त करना शामिल है। यह केंद्र विभिन्न प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन भी कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ में आयुष का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### मरीजों और ग्रामीणों के अनुभव सेवा और विश्वास का जीवंत प्रमाण

अकलवारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपचार प्राप्त कर चुके कई ग्रामीणों ने अपने अनुभव साझा किए, जो इस केंद्र की चिकित्सकीय गुणवत्ता और सेवा भाव को दर्शाते हैं:
बलीराम अकलवारा ने कहा की वर्षों से जोड़ों के दर्द से पीड़ित था। यहां की दवाओं और योग से अब पूरी तरह स्वस्थ हूं। अब बिना सहारे चल सकता हूं, यह किसी वरदान से कम नहीं। अवध राम समीपवर्ती ग्राम किडनी की समस्या में सुधार हुआ है।



### वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

डॉ. सुनील दास, संयुक्त संचालक (आयुष) ने कहा, अकलवारा जैसे केंद्र यह सिद्ध करते हैं कि आयुष सेवाएं ग्रामीण भारत के स्वास्थ्य का भविष्य हैं। डॉ. निकिता ध्रुव, जिला आयुष अधिकारी, गरियाबंद ने इसे /"टीम भावना और समर्पित सेवा का परिणाम/" और जिले का गौरव बताया। इस केंद्र की सफलता में प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रीति साहू, फार्मासिस्ट रूपसिंह नेताम, योग प्रशिक्षक रोशनी सेन और संतोष यादव के समर्पण और सेवा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## जनदर्शन में 72 शिकायतें लेकर ग्रामीण पहुंचे, प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

# कलेक्टर जनदर्शन में पुरानी समस्याओं का अंबार, सुशासन के दावों पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद में जनदर्शन एक बार फिर पुरानी शिकायतों और लंबित मांगों का केंद्र बन गया। मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में 72 शिकायतें लेकर ग्रामीण पहुंचे, जिससे 'सुशासन तिहार' के दौरान किए गए समाधान के दावों पर सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन लोगों के मन में यह सवाल है कि अगर पहले ही समस्याओं का समाधान हो चुका था, तो वे बार-बार जनदर्शन क्यों आ रहे हैं? संयुक्त जिला कार्यालय में हुए जनदर्शन में कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

जनता के मन में एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब 'समाधान शिविर' में सभी समस्याओं का हल कर देने का दावा खुद प्रशासन की ओर से किया गया था, तो अब वही लोग वही समस्याएं लेकर फिर क्यों लौट रहे हैं?



### नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन

प्रशासन की ओर से अधिकारियों को निर्देश तो दिए जा रहे हैं, लेकिन जमीन पर इन निर्देशों का कितना असर हो रहा है, इसका जवाब अभी भी अधूरा है। जनदर्शन में मौजूद अधिकारी लगातार यह भरोसा दिला रहे हैं कि सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और समस्याओं का समयबद्ध निराकरण होगा। लेकिन जनता अब केवल आश्वासन नहीं, परिणाम चाहती है। गरियाबंद जैसे जिले में जहां जनसंख्या अपेक्षाकृत कम है, वहां भी अगर जनदर्शन में बार-बार दर्जनों आवेदन पहुंच रहे हैं, तो यह संकेत है कि कहीं न कहीं योजनाओं की क्रियान्वयन व्यवस्था में सिस्टमिक गैप है। जरूरत है प्रशासन को केवल आंकड़ों पर नहीं, मूल समस्या के समाधान पर ध्यान देने की।

### क्या थीं प्रमुख शिकायतें?

- ग्राम खुर्षीपार की धान बाई ने पीएम आवास योजना की लंबित किस्त दिलाने की गुहार लगाई।
- छिन्दौला शासकीय हाईस्कूल में बोर खनन की मांग की गई।
- तॉवरबाहरा के शोभित राम साहू ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार की बात रखी।
- सरिता सेन ने स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने की मांग की।
- खिलावन राम यादव ने निलंबन अवधि का वेतन दिलाने की अपील की।
- टेंगनाबासा पंचायत में अटल चौक तोड़ने की शिकायत की गई।
- कोयलीबेड़ा के रिपुसुदन पांडे ने वन पट्टा की मांग रखी।
- उषा बाई ने स्वास्थ्य विभाग में भर्ती की मांग की।
- कोरासी के कृषकों ने भूमि अधिग्रहण के मुआवज़े की फरियाद की।
- सोरिदखुर्द और पाटसिवनी से सरकारी नौकरी की मांग को लेकर आवेदन दिए गए।


## नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने जागरुकता रैली निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत द्वारा मंगलवार को प्लास्टिक मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और इसके उपयोग को हतोत्साहित करना है। इस अभियान के तहत, कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय में कम से कम एक झोला-बैंक स्थापित करने की योजना है, ताकि लोग प्लास्टिक के बजाय इनका उपयोग करें। साथ ही, आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) सेंटर पर प्लास्टिक संग्रहण अभियान भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्वच्छ भारत हरित भारत शपथ अभियान के तहत नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। रैली में प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले विभिन्न हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया, जिनमें पर्यावरण प्रदूषण, वन्यजीवों पर प्रभाव, स्वास्थ्य के लिए खतरा और आर्थिक नुकसान शामिल हैं। यह बताया गया कि प्लास्टिक, जो एक उपयोगी सामग्री है, अब पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से 19 चयनित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, वितरण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस जागरूकता रैली में रामाधार यादव, वीरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मिथलेश सिन्हा, मनोज दुबे, कमलेश सिन्हा, दीपक साहू, शोएब अली, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, पुरुषोत्तम यादव, स्वच्छता दीदियां और नगर के नागरिक गण उपस्थित थे।

## चौकसील मंदिर का आकर्षक दृश्य...



**मैनपुर।** इन दिनों मौसम का उतार चढ़ाव जारी है। मैनपुर से लगभग 38 किलो मीटर दूर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल चौकसील जो उदंती अभ्यारण के घने जंगल में विद्यमान है वहां मंदिर का आकर्शक दृश्य।

### डीएपी संकट से जूझ रहे प्रदेश सहित जिले के किसान : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को डीएपी की अभूतपूर्व संकट का सामना अभी से करना पड़ रहा है। मानसून केरल आ चुकी है, सप्ताहभर के भीतर छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो जाएगा। बीते कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश के बाद जिले के किसान खरीफ की तैयारी के लिए थरहा लगाने खेतों की मताई आदि कर रहे हैं। कई किसान नर्सरी तैयार भी कर चुके हैं। ऐसे में डीएपी की सख्त आवश्यकता है, लेकिन सरकार द्वारा सहकारी समितियों में डीएपी उपलब्ध नहीं करा पाने के कारण किसानों को खुले बाजार में अधिक दामों पर डीएपी खरीदकर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है।

## भेण्डरी में चांवल वितरण

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के चांदापारा में जय मां भारतीय महिला बिहान समूह द्वारा चांवल का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा माता की पूजा-अर्चना कर जनपद सदस्य विनीता साहू ने किया। इस अवसर पर सरपंच राजेश्वरी पटेल, उपसरपंच राधे पटेल आदि मौजूद थे।



# हरदी गांव में भक्तिमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम पंचायत हरदी में महामंडलेश्वर महंत संत सिया गोवर्धन शरण जी व्यास चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम के अमृत वचनों से एक भव्य वार्षिक श्राद्ध एवं भक्ति संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मां शीतला मंदिर प्रांगण में 1 से 9 जून तक प्रतिदिन प्रातः 9 से 11 बजे और सायं 4 से 6 बजे तक श्रोताओं को कथा रसामृत कर रहा है। श्रोतागण भी पूरी तन्मयता से कथा श्रवण कर रहे हैं, कई बार उनकी आंखों से आंसू भी बहते दिखते हैं। यह कार्यक्रम देवनारायण कीर्ति साहू एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहा है। यह वार्षिक श्राद्ध विशेष रूप से स्वर्गीय श्री सुबेलाल साहू और स्वर्गीय श्रीमती शांतिबाई साहू की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए आयोजित किया जा रहा है। कथा का वाचन स्वयं सिरकट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री सिया गोवर्धन शरण जी व्यास महाराज के श्रीमुख से हो रहा है।

### कपिल, ध्रुव और वामन: भक्ति तपस्या और कृपा का प्रतीक



महामंडलेश्वर ने कथा के दौरान कपिल, ध्रुव और वामन तीनों ही भगवान विष्णु के अवतार और भक्तों की कथाओं का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि इन तीनों की कथाएं अलग-अलग होते हुए भी भक्ति और तपस्या का महत्व दर्शाती हैं। कपिल मुनि को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। उन्होंने 10,000 वर्षों तक तपस्या की, जिससे भगवान विष्णु प्रसन्न हुए और उन्हें दर्शन दिए।
ध्रुव एक राजा के पुत्र थे, जो अपनी भक्ति और कठिन तपस्या के लिए जाने जाते हैं। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए और मनचाहा वरदान दिया। ध्रुव चरित्र से यह शिक्षा मिलती है कि हमें किसी में भेदभाव नहीं करना चाहिए और प्रभु की भक्ति में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए।

**बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रोता**-श्रीमद्भागवत कथा में सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और कपिल अवतार का वर्णन किया जा रहा है। भागवत कथा के तीसरे दिन महाराज ने ध्रुव चरित्र का विशेष वर्णन किया, जिसमें बालक ध्रुव के वन में जाकर कठिन तपस्या करने और भगवान विष्णु द्वारा उन्हें दर्शन देने की कहानी सुनाई गई। कथा वाचक संत गोवर्धन शरण व्यास की कथा सुनने के लिए आसपास के गांव वाले बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन सभी श्रोताओं और ग्रामवासियों के लिए भोजन भंडारा और प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

## बच्चों के समग्र विकास पर रहा फोकस

# सिर्रीखुर्द प्राथमिक शाला में समर कैंप का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में सात दिवसीय समर कैंप का शानदार आयोजन किया गया, जिसका बुधवार को समापन हो गया। इस कैंप में बच्चों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार की जानकारियां दी गईं, जिसे बच्चों ने भी पूरे तन्मयता के साथ ग्रहण किया।

शिक्षक खोमन सिन्हा ने बताया कि प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में विगत कई वर्षों से समर कैंप लगाया जा रहा है और इसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। कैंप में बच्चों को प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कराई जाती हैं। प्रथम दिवस रोल प्ले, अभिवादन और अभिव्यक्ति के बारे में जानकारी दी गई और भारत माता की जय घोष के साथ नारे लगाए गए। इसी प्रकार, नृत्य कला, चित्रकला, गायन, लेनदेन (खरीददारी करना), व्यंजन बनाना, नदी, तालाब, पहाड़, स्मारकों के साथ-साथ देश के वीर जवानों के बारे में भी बच्चों को बहुत ही सुंदर तरीके से जानकारी दी गई। प्रतिदिन समर कैंप में 40 से 45 बच्चे उपस्थित रहे।

**आपदा प्रबंधन, बच्चों ने जाना सांप-बिच्छू से बचाव के तरीके-** समर कैंप के अंतिम दिन, प्रशिक्षक छम्मन साहू ने आपदा प्रबंधन के अंतर्गत बच्चों को सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं से कैसे बचें इस विषय पर बहुत ही अच्छे ढंग से प्रकाश डाला। बच्चों को बताया गया कि वर्तमान समय वर्षा ऋतु का है और इस दौरान जहरीले जीव-जंतुओं, खासकर सांप-बिच्छू का सामना करना पड़ सकता है। उनसे बचाव के तरीके बताते हुए कहा गया कि जमीन पर न सोएं, यदि सोते हैं तो मच्छरदानी का प्रयोग करें, और दरवाजे-खिड़कियों पर मिट्टी तेल या फिनाइल का प्रयोग करें।

### सांप को देखकर नहीं चाहिए डरना



बच्चों को यह भी बताया गया कि जहरीले सांप का दांत अलग होता है। साथ ही, उनसे कहा गया कि वे अपने पालकों से कहें कि यदि खेत जाते हैं तो निश्चित रूप से एक लाठी लेकर खेत जाएं और उसे ठोकते हुए आगे बढ़ें, ऐसा करने से जहरीले जीव-जंतुओं से बचा जा सकता है। बच्चों को यह भी समझाया गया कि सांप को देखकर डरना नहीं चाहिए, लेकिन निश्चित रूप से सावधानी बरतनी चाहिए। इस समर कैंप में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सिर्राखुर्द के सरपंच देवेंद्र वर्मा, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक घनश्याम कंवर, दुर्गेश विश्वकर्मा, लीलाराम मतावले, झंकेस सिन्हा, छम्मन साहू, राजा साहू, ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं और शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन से पालक भी काफी उत्साहित नजर आए, क्योंकि यह बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित था।

# डीएपी संकट से जूझ रहे प्रदेश सहित जिले के किसान : विनोद

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ सहित जिले के किसान खरीफ सीजन में डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) के अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्व संसदीय सचिव और महासमुंद के पूर्व विधायक, विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केरल में मानसून आ चुका है और एक सप्ताह के भीतर छत्तीसगढ़ में भी मानसून सक्रिय हो जाएगा। बीते दिनों हुई बारिश के बाद जिले के किसान खरीफ की तैयारी के लिए खेतों की जुताई कर रहे हैं और कई ने नर्सरी भी तैयार कर ली है, ऐसे में डीएपी की सख्त आवश्यकता है। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा सहकारी समितियों में डीएपी उपलब्ध न कराए जाने के कारण किसानों को खुले बाजार में अधिक दामों पर डीएपी खरीदना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की विभिन्न सोसायटियों, खासकर पटेवा और झलप क्षेत्र में डीएपी की भारी किल्लत बनी हुई है। विनोद चंद्राकर के अनुसार, डीएपी के स्थान पर किसानों को 20-20-15 नामक एक अन्य खाद का विकल्प सुझाया जा रहा है। किसान इस खाद को लेने में हिचकिचा रहे हैं, लेकिन उन पर इसे लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि डीएपी धान के पौधों के लिए संजीवनी का कार्य करती है और समय पर इसके न मिलने से पौधों का उचित विकास नहीं हो पाता, जिससे धान के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। चंद्राकर ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह धान खरीदी से बचने के लिए कृत्रिम रूप से खाद संकट पैदा कर धान के पैदावार को कम करना चाह रही है।



## खबर संक्षेप

### लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न ट्रेडों में आवासीय प्रशिक्षण

**गरियाबंद।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी गरियाबंद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न कोर्स में निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जायेगा। जिसमें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत संचालित सोलर पीवी इंस्टालर (सूर्यमित्र), मशरूम उत्पादक, इलेक्ट्रॉनिक फील्ड तकनीशियन कम्प्यूटिंग और पेरिफेरल्स, ग्रामीण राजमिस्त्री, बांस कारीगर, खाद्य एवं पेय सेवा प्रबंधक, वाहन चालक, बांस टोकरी निर्माता, फ्रंट ऑफिस एग्जीक्यूटिव, डाक्यूमेंटेशन एक्जीक्यूटिव तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इन-स्टोर डेमोंस्ट्रेटर, रिटेल सेल्स असिस्टेंट इत्यादि कोर्स में कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक के इच्छुक हितग्राही अपना पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं जाति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ लाईवलीहुड कॉलेज, टोनही नाला के आगे देवभोग रोड गरियाबंद में आकर आवेदन कर सकते है।

### कार्रवाई की मांग को लेकर नायब तहसील तुमगांव को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने गलत नाम चढ़ाने पर पटवारी को सस्पेंड करने की मांग को लेकर राजस्व मंत्री और कलेक्टर के नाम नायब तहसील तुमगांव टेकेंद्र नुरूटी को ज्ञापन सौंपा है। तुषार ने ज्ञापन में कहा कि अछोली खसरा नंबर 905/2 में गलत नाम चढ़ाने से लोग बार-बार तहसील ऑफिस का चक्कर काटने में मजबूर हैं, जिससे उन्हें कानूनी या वित्तीय नुकसान, अर्थिक क्षति होती है। उन्होंने कहा कि पटवारी का काम भूमि रिकॉर्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को ठीक से रखना है। यह एक गंभीर गलती है और पटवारी को सस्पेंड किया जाना चाहिए। गलत नाम चढ़ाना, भूमि रिकॉर्ड में एक महत्वपूर्ण त्रुटि है, जो कानूनी विवादों और अन्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसलिए संबंधित विभाग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और पटवारी को निलंबित करना चाहिए। साथ ही पर्यवेक्षक को नोटिस देना चाहिए। इसके अलावा पटवारी के खिलाफ विभागीय जांच भी की जाना चाहिए और दोषी पाए जाने पर उसे और भी सख्त सजा दिया जाए।

**विडंबना :** साहेबिनकछार, करलाझर, नागेश और कोदोमाली के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से

# लालटेन युग में जी रहे ग्रामीण, न सड़क है, न अस्पताल, गांवों में अब तक नहीं पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- ग्रामीण आज भी मिट्टी तेल की रोशनी में रातें बिताने को मजबूर

खास खबर

आजादी के 77 साल बाद भी मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल में बसे गांव साहेबिनकछार, करलाझर, नागेश और कोदोमाली के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। बिजली, पक्की सड़क, स्वास्थ्य सेवा, पेयजल और शिक्षा जैसी आवश्यक सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों का जीवन संघर्षमय हो गया है। इन गांवों में अब तक बिजली नहीं पहुंच सकी है। ग्रामीण आज भी लालटेन और मिट्टी तेल की रोशनी में रातें बिताने को मजबूर हैं। वन क्षेत्र होने का हवाला देकर बिजली आपूर्ति से प्रशासन लगातार पीछे हटता रहा है। सौर ऊर्जा प्लांट लगाए गए थे, लेकिन उनके रखरखाव के अभाव में वे भी अब जर्जर हो चुके हैं। अधिकांश उपकरण खराब हैं और जो काम कर रहे हैं, उनसे महज 1-2 घंटे ही रोशनी मिलती है।

**विधायक-सांसद की उपेक्षा-** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 20-25 वर्षों में कोई भी सांसद या विधायक इन गांवों का दौरा करने नहीं आया है। ग्रामीणों द्वारा बार-बार समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद प्रतिनिधियों की उदासीनता बनी हुई है। हर चुनाव में उम्मीद के साथ मतदान करते हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगती है।



**सड़क और परिवहन व्यवस्था बदहाल**

गांव तक पहुंचने के लिए बम्हनीझोला से कच्चे रास्ते और कई नदी-नालों को पार करना पड़ता है। इनमें कहीं भी पुल-पुलिया नहीं बने हैं, जिससे बरसात में गांव पूरी तरह कट जाता है।



**उम्मीद अब भी बाकी**

ग्रामीणों ने मांग की है कि विधायक और सांसद खुद क्षेत्र का दौरा कर हालात देखें और स्थायी समाधान के लिए पहल करें। जब तक क्षेत्रीय प्रतिनिधि ग्रामीणों की पीड़ा को खुद महसूस नहीं करेंगे, तब तक समाधान की उम्मीद धुंधली ही रहेगी।



**जल जीवन मिशन बना मजाक-** जल जीवन मिशन के तहत गांव में लाखों रुपये की लागत से पानी टंकी और पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन आज तक एक बूंद भी पानी ग्रामीणों के नलों तक नहीं पहुंच पाया। साहेबिनकछार गांव में करीब 70 लाख रुपए खर्च कर टंकी तो बना दी गई, लेकिन बोरिंग ही नहीं की गई, जिससे पानी की सप्लाई संभव नहीं हो सकी।

**पानी के लिए अब भी नदी-नाले का सहारा-** हैंडपंप खराब हैं और पानी की सप्लाई नहीं होने से ग्रामीण नदी, नाले और झरियों से पानी लाने को मजबूर हैं। महिलाएं आज भी सिर पर मटके ढोकर कुएं और नालों से पानी लाती हैं। नागेश गांव में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी में एक यूनिट चालू है, लेकिन दूसरी यूनिट 8 महीने से बंद पड़ी है।

**स्वास्थ्य सेवाएं दूर की बात-** क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भारी कमी है। करलाझर और नागेश में प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र हैं, जो क्षेत्र की जरूरतों के सामने नाकाफी हैं। बरसात के मौसम में नदी-नालों में बाढ़ आ जाने पर मरीजों को मैनपुर अस्पताल ले जाना बेहद कठिन हो जाता है। समय पर इलाज न मिलने से कई ग्रामीणों की असमय मृत्यु भी हो चुकी है।

## बेमौसम बारिश से धान भीगा, सुरक्षित रखने धूप और पंखा का ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



इस वर्ष पहलीबार नौतपा के पूरे 9 दिन क्षेत्र में बेमौसम बारिश से रबि की फसल धान और मक्का ले रहे किसान बेहद परेशान हो गए एक तरफ खेतों में धान की फसल की कटाई होने के बाद बारिश होने से भीग गई। किसान जैसे तैसे धान को मिजाई किए अब धान की क्वालिटी खराब न हो इसलिए किसान पंखा चलाकर जहां एक ओर धान को सुखा रहे हैं वहीं दूसरी ओर लगातार धान को धूप में सुखाया जा रहा है। मैनपुर क्षेत्र में किसानों ने बताया की लगातार बारिश और मौसम खराबी की वजह से इसका सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को पहुंचा है। धान की फसल आंधी- तूफान और तेज हवा के कारण कई जगह जमीन पर सो गया जिसका आज तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला है और न ही राजस्व विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है और तो और क्षेत्र में सिंचाई का साधन नहीं होने के बावजूद अधिकांश किसानों द्वारा अपने खेतों में ट्यूबवेल के माध्यम से धान और मक्का की खेती किसानी कर रहे हैं पहले तरह- तरह के किट प्रकोप में किसानों के द्वारा हजारों रूपये दवा में खर्च किया गया और जब धान पक गया तो आंधी- तूफान से भारी नुकसान हुआ और तो और धान कटाई के बाद भी लगातार बारिश से धान के फसलो को नुकसान पहुंचा है और तो और मक्क के फसलो को भी जमकर नुकसान पहुंचा है। मैनपुर क्षेत्र के किसानल त्रिभुवन पटेल, पवन दीवान, दसरूराम, दुलंचंद, टीकम सिंह, राधेलाल, जागेश्वर ने बताया अभी क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य किया जा रहा है और जो किसान धान काट लिए है साथ ही मिंजाई हो गया है धान की क्वालिटी खराब न हो इसलिए उसे धूप और पंखा के सहारे सुखाया जा रहे है ताकि अच्छी कीमत में किसान धान बेच सके।

## मालगांव में धूम्रपान निषेध दिवस पर जागरुकता रैली व कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मालगांव में शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान नशा मुक्ति केंद्र गरियाबंद के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभात रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामवासियों को धूम्रपान, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच लाखेंद्र ध्रुव उपस्थित रहे। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक डॉ. मनोज साहू (अध्यक्ष) ने लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। साथ में संस्था के उदय गंगोई, खेमचंद जंजीर, प्रबंधक खिलेश गायकवाड, अशोक नेताम, आकाश ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी रानी ध्रुव, सिद्दीकन नूरी, नर्स बालेश्वरी ध्रुव, नेमीचंद ध्रुव, तथा समाज कल्याण विभाग से योगेश कुमार ध्रुव उपस्थित थे।

**सरकारी विभागों से भी सक्रिय भागीदारी रही-** समाज कल्याण विभाग में उपसंचालक डीपी ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना समन्वयक तुलेश्वर साहू, मिशन शक्ति कार्य सहायक स्वेता शुक्ला,पुलिस विभाग रामाधार मरकाम कार्यक्रम में जनपद सदस्य भीम निषाद, उप सरपंच अब्दुल रहीम खान, ग्राम पटेल नरसिंह निषाद, कोटवार बालाराम सहित गांव के अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नशे की बुराइयों से अवगत कराना एवं उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।

## साइकिल दिवस पर खिलाड़ियों ने निकाली साइकिल रैली


हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पर्यावरण मित्र वरिष्ठ समाजसेवी शीतल ध्रुव एवं प्रतिष्ठित योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिला भारोत्तोलन संघ, पतंजलि युवा भारत, बैडमिंटन संघ एवं नगर के खिलाड़ियों द्वारा साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली शिशु मंदिर के पास व्यायाम शाला से नगर के विभिन्न चौक बस स्टैंड स्वर्ण जयंती चौक, नगर पंचायत, सदर रोड, बजरंग चौक, वन विभाग, जनपद पंचायत, खेल मैदान होते हुए व्यायाम शाला में समापन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र समाजसेवी शीतल ध्रुव ने आह्वान किया सप्ताह में एक दिन अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि सायकल अवश्य चलाएं जैसा कि विश्व साइकिल दिवस के लिए संकल्प में साइकिल की विशिष्टता दीर्घायु और बहुमुखी प्रतिभा को मान्यता दी गई है साइकिल सबसे सस्ता साधन है मनुष्य की इंफिनिटी पावर बढ़ाने का महत्वपूर्ण साधन साइकिल चालन को श्रेष्ठ व्यायाम माना जाता है शरीर तंदुरुस्त रहता है दिमाग क्रियाशील रहता है ब्रेन पावर बढ़ता है। साइकिल चलाने के फायदे को बताते हुए योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि साइकिल चलाने के स्वास्थ्यवर्धक प्रभाव कोलेस्ट्रॉल के स्तर को सुधारने में मदद कर सकते हैं, जिससे आपके हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा मिल सकता है और स्ट्रोक और दिल के दौरे की संभावना कम हो सकती है।साइकिल चलाने से तनाव, अवसाद या चिंता की संभावनाएँ कम हो सकती हैं। यह आपके दिन भर की मानसिक हलचल से आपका ध्यान हटाने में मदद कर सकता है। साइकिल चलाना आपकी हृदय गति बढ़ाने, हृदय-संवहनी कार्य में सुधार लाने और आपके समग्र फिटनेस स्तर को बढ़ाने का एक शानदार तरीका है। रैली में साइकिल चलाओ ,पर्यावरण बचाओ साइकिल, चलाओ ईंधन बचाओ, साइकिल चलाओ देश बचाओ, साइकिल चलाओ स्वस्थ रहो के नारे लगाए गए।

### साइकिल चलाने से समन्वय में होता है सुधार

शिक्षक विमल पुरोहित ने कहा कि मैं प्रतिदिन 12 किलोमीटर साइकिल चलाकर स्कूल से घर आना जाना करता हूं मुझे बहुत ऊर्जावान महसूस होता है। फिजियोथैरेपिस्ट देवश्रीध्रुव ने कहा कि साइकिल चलाने से ताकत, संतुलन और समन्वय में सुधार होता है। यह गिरने और फ्रैक्चर को रोकने में भी मदद कर सकता है। अगर आपको ऑस्टियोआर्थराइटिस है तो साइकिल चलाना व्यायाम का एक आदर्श रूप है, क्योंकि यह कम प्रभाव वाला व्यायाम है जो जोड़ों पर कम तनाव डालता है। स्वास्थ्य विभाग के जिज्ञासा निर्मलकर ने कहा कि प्रतिदिन साइकिलिंग से मसल्स को मजबूती मिलती है मसल्स रिलेक्स और लचीला बनते हैं। कार्यक्रम में निखिल साहू, भूपेश साहू, आयुष, प्रीतम, शिवम, मोहित, यश, अभिषेक, सक्षमता, रेहान, असीर, नीलसिंह, हिमांशु एवं अन्य उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


## कुलेश्वर कॉलेज में जीन व कन्या कॉलेज में लोमेश्वरी बनीं अध्यक्ष





**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में वार्ड क्र 14 की पार्षद जीना-सुजीत निषाद व वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद लोमेश्वरी-मयाराम साहू को शासकीय कन्या महाविद्यालय में विकास एवं प्रबंध समिति का अध्यक्ष बनाया गया हैं।इसी तरह काव्योपाध्याय हीरालाल शासकीय महाविद्यालय अभनपुर में मीना-धनेश्वर साहू व नवीन शासकीय महाविद्यालय ग्राम-तामासिवनी में विवेक-अनिल तिवारी को प्रबंध समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनयन जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप और विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर किया गया। बताया गया है कि इन अध्यक्षो का कार्यकाल दो शिक्षण सत्र 2025-26 एवं 2026-27 के लिए होगा। चारो अध्यक्ष ने अपने मनोनयन पर मंत्री केदार कश्यप एवं विधायक इंद्रकुमार साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने हमारे ऊपर जो विश्वास कर अध्यक्ष बनाया है इस पर खरा उतरते हुए महाविद्यालय सहित छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करेंगे। इन चारो अध्यक्षो को नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी सहित पार्टी कार्यकत्र्ताओ ने बधाई दी है।



### आलेखुंटा में पौधारोपण

**राजिम।** ग्राम आलेखुंटा में सिन्हा समाज के अध्यक्ष फागेश सिन्हा ने शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि झाड़ू राम सिन्हा, उप सरपंच व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य अजय सिन्हा, नोमेंद्र सिन्हा, गोपेंद्र सिन्हा ,यशवंत सिन्हा, कुंदन सिन्हा आदि मौजूद थे।


रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलिए
05 जून दिन गुरूवार कुलेश्वर मेडिकल
सरकारी अस्पताल के पास, श्यामाचरण चौक, राजिम
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर, धार, बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना,
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें-समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट



मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर